THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) and (b). The proposed bridge will fall on the Anandpur-Bhadrak road. It is a State road and the State Government are, therefore, primarily concerned with this project. A Central loan assistance of Rs. 90 lakhs has, however, been agreed to for this project.

**Paper Mill in Aizawl**

4114. DR. R. ROTHUAMA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up a Paper Mill at Hortoki in the Aizawl district of Mizoram;

(b) if so, when; and

(c) if not, whether Government have any proposals under consideration to set up Paper Mills in Mizoram in view of the fact that bamboos of different varieties are found in abundance throughout Mizoram, even to the extent of meeting a large part of the country's requirements in paper?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GORGE FERNANDES): (a) to (c). Government of India has no proposal to set up a paper mill at Mizoram. However, the Government of Mizoram have applied for a Letter of Intent to set up a paper mill at Bairabi in Aizawl district with a capacity of 64,000 tonnes per annum based on the local raw material. They have submitted an application for the grant of letter of intent for the project and it is under consideration.

**बिहार में कृषि और सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकता**

4115. श्री वीरेन्द्र प्रसाद : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में कृषि और सिंचाई के लिये कुल कितने मेगावाट बिजली की आवश्यकता है और राज्य को कितने मेगावाट बिजली सप्लाई की जा रही है ;

(ख) क्या यह सच है कि बिजली के अभाव में 90 प्रतिशत गरमी की फसल नष्ट हो गई है ; और

(ग) कृषि-भूमि में सिचाई के लिये बिजली उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की जा रही है ?

ऊर्जा मन्त्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) मैगावाट में अभिव्यक्त की गयी बिजली किसी नियत समय में बिजली की मांग की माप है । एक निश्चित कालावधि में बिजली के उत्पादन तथा विभिन्न प्रकार के उपभोक्ताओं में इसके वितरण को मैगावाट मे बता पाना संभव नहीं है । कृषि के लिए ऊर्जा की आवश्यकता की दृष्टि से, बिहार मे उत्पादन क्षमता में कोई कमी नहीं है । तथापि व्यस्ततम काल में कुछ 'लोड शैडिंग' होती है किन्तु प्रतिदिन कम से कम 8 से 12 घंटे के लिए कृषि पम्पों को बिजली सप्लाई की जा रही है ?

(ख) राज्य सरकार से प्राप्त संदेश के अनुसार, ऐसी कोई सूचना नहीं है कि बिजली न होने के कारण लगभग 90 प्रतिशत ग्रीष्मकालीन फसल बर्बाद हो रही है ।

(ग) अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के लिए मंजूरी दे दी गई है और इसका निष्पादन विभिन्न चरणों में है । इससे पांचवी योजना के शेष वर्षों में तथा छठी योजना में लाभ प्राप्त होगा । छठी योजना में शुरू करने के लिए भी स्कीमें तैयार की जा रही हैं और उन पर कार्रवाई की जा रही है । उत्पादन और वितरण हेतु वर्ष 1977-78 के लिए 60.80 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की गयी है ।

ग्राम विद्युतीकरण संबंधी राज्य की वर्ष 1977-78 की वितरण स्कीमों के लिए,

योजना आयोग ने 17.55 करोड़ रुपए का परिव्यय अनुमोदित किया है जिसमें से 8 करोड़ रुपए राज्य के सामान्य विकास कार्यक्रम के लिए 5.55 करोड़ रुपए ग्राम विद्युतीकरण निगम सामान्य कार्यक्रम के लिए हैं तथा 4.00 करोड़ रुपए न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के लिए हैं। इसकी आगे अनुपूर्ति संस्थागत धनराशि से की जाएगी जो मूलतः पम्पसेटों/ट्यूबवैलों को ऊर्जित करने के लिए उपयोग में लाई जाएगी।

**संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं का माध्यम**

4116. **श्री हुकम देव नारायण यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षायें हिन्दी माध्यम से कराने का है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) 1971 की जनगणना के आधार पर देश में अंग्रेजी भाषी लोगों की जिनकी मातृ भाषा अंग्रेजी है संख्या कितनी हैं और देश की कुल जनसंख्या में उसकी क्या प्रतिशतता है ?

**गृह मन्त्री (श्री चरण सिंह)** : (क) सरकार ने सिद्धांत रूप में पहले ही यह निर्णय कर लिया है कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं, संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित सभी भाषाओं और अंग्रेजी में ली जानी चाहिएं। इस दिशा में शुरुआत हो गई है। यह प्रश्न, इसकी जटिलता को दृष्टि में रखते हुए, अन्य प्रश्नों के साथ साथ, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा डा० डी० एस० कोठारी की अध्यक्षता में गठित "भर्ती नीति तथा चयन पद्धति समिति" को सौंपा गया था। समिति ने अब अपनी रिपोर्ट दे दी है और इस प्रश्न के सम्बन्ध में समिति की सिफारिशों पर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यक्त विचारों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा।

(ख) 1971 की जनगणना के अनुसार देश में अंग्रेजी भाषी लोगों की, जिनकी मातृभाषा अंग्रेजी है, जनसंख्या 1,91,595 है, जो देश की कुल जनसंख्या का 0.0349 प्रतिशत है।

**Paper Mill at Phulbani**

4117. SHRI SRIBATCHA DIGAL: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government have completed the survey of setting up a paper mill at Phulbani, Orissa; and

(b) if so, the progress so far made to implement the proposal?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) Government have not undertaken any study for setting up a paper mill at Phulbani in Orissa.

(b) Does not arise.

**Assam-Arunachal Boundary Dispute**

4118. SHRI K. B. CHETTRI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the border dispute between Assam and Arunachal had not yet been settled;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) by when, the Government propose to settle the dispute?